**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 586**

**जिसका उत्तर 28 नवंबर, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**उत्तर प्रदेश में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत परियोजनाएं**

**586. डॉ. राजकुमार सांगवान:**

**सुश्री इकरा चौधरी:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश में वर्तमान में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत कोई परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त परियोजनाओं में हुई वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश में कोई नई परियोजनाएं शुरू करने का है;

(घ) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश में गन्ने जैसी जल प्रधान फसलों की खेती के लिए किसानों को सहायता प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने कैराना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जलाशयों के पुनरुद्धार का कार्य पूरा/प्रस्तावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी**

**(क) और (ख):** उत्तर प्रदेश में पीएमकेएसवाई के विभिन्न घटकों के तहत इस समय कार्यान्वित की जा रही परियोजनाएं और पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में प्रदान की गई केंद्रीय सहायता के संदर्भ में सृजित सिंचाई क्षमता और वित्तीय प्रगति के संदर्भ में उनकी वास्तविक प्रगति निम्नानुसार है: -

| क्र.सं. | पीएमकेएसवाई का घटक | पिछले तीन वर्षों में अर्थात् अप्रैल, 2021 से भौतिक और वित्तीय प्रगति |
|---|---|---|
| 1. | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी | सरयू नहर नामक एक परियोजना पूरी हो गई है और अर्जुन सहायक परियोजना और मध्य गंगा नहर चरण- II परियोजना नामक दो परियोजनाएं चल रही हैं, जिसके लिए 23.91 करोड़ रुपये की केंद्रीय |

| | | |
|---|---|---|
| | | सहायता जारी की गई है और 23.06 हजार हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता सृजित की गई है। |
| 2. | पीएमकेएसवाई-जीडब्ल्यू | 2,736 कुएं बनाए गए और 21.70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को भूजल सिंचाई के तहत लाया गया। 10 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है। |
| 3. | पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी | उत्तर प्रदेश के लिए 2.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल करते हुए 56 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। 135.30 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। |
| 4. | पीडीएमसी | सूक्ष्म सिंचाई के तहत 432.74 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है और 1.61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। |

**(ग) और (घ):** पीएमकेएसवाई के विभिन्न घटकों के दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाली परियोजनाओं और निधियों की उपलब्धता के अधीन राज्य सरकारों के अनुरोध पर पीएमकेएसवाई के विभिन्न घटकों के तहत शामिल करने के लिए नई परियोजनाओं पर विचार किया जा सकता है।

**(ङ)** कैराना निर्वाचन क्षेत्र की किसी भी परियोजना को जल निकायों की पीएमकेएसवाई-आरआरआर के तहत शामिल नहीं किया गया है।

*****